Bareilly, Saturday, 23 October 2021
BAREILLY EDITION
Price ₹ 3.00/-
Pages 12

दैनिक जागरण inext

PAGE NO. 04 : MIDDLE

अब एसआरएमएस में हो सकेगा किडनी ट्रांसप्लांट

bareilly@inext.co.in

BAREILLY (22 Oct): अब किडनी ट्रांसप्लांट के लिए बरेलियंस को मंडल से बाहर नहीं जाना पड़ेगा. अब श्री राम मूर्ति स्मारक मेडिकल कालेज में ही किडनी ट्रांसप्लांट संभव होगा. इसकी अनुमति उत्तर प्रदेश मेडिकल एजुकेशन व ट्रेनिंग सेंटर के निदेशक ने दी है. एसआरएमएस मेडिकल कालेज के नेफ्रोलाजिस्ट डॉ. संजय कुमार ने बताया कि अभी तक किडनी ट्रांसप्लांट के लिए मरीजों को दिल्ली या लखनऊ जाना पड़ता था. अब उन्हें एसआरएमएस मेडिकल कालेज में ही यह सुविधा मिल सकेगी और सफलतापूर्वक किडनी ट्रांसप्लांट किया जाएगा. नेफ्रोलॉजिस्ट डॉ. विद्यानंद ने कहा कि एसआरएमएस मेडिकल कालेज सभी स्पेशलिस्ट और सुपर स्पेशलिस्ट चिकित्सकीय सुविधाएं उपलब्ध हैं.